# सूदखोरों से परेशान सफाई कर्मचारी ने फांसी लगाई

## नाहरगढ़ थाने में मृतका की पत्नी ने सूदखोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया

- मृतक सुभाष की बैंक पासबुक और चैकबुक भी सूदखोर ताराचंद ने छीन ली थी
- आरोप है कि नगर निगम से हर माह तनख्वाह मिलते ही ताराचंद उसके बैंक खाते से रकम निकाल लेता था

**जयपुर** (कासं)। नाहरगढ़ इलाके में सूदखोर से परेशान सफाई कर्मचारी फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने खुद के घर पर साड़ी का फंदा लगाया। सांस चलते देख पत्नी ने फंदे से उतारकर हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पिटल में मौत के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। नाहरगढ़ थाना पुलिस को मृतक की पत्नी ने बताया कि नींद में भी जागकर पति कहते थे सूदखोर मुझे और मेरे बच्चों को बेघर कर देगा। मृतका की पत्नी की शिकायत पर शनिवार शाम पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि पुरानी बस्ती नाहरगढ़ रोड निवासी सुभाष उमरवाल (52) ने सुसाइड किया है। वह नगर निगम में सफाई कर्मचारी था। वह अपनी पत्नी मीनू देवी और तीन बच्चों के साथ रहता था। 3 अप्रैल को तीनों बच्चों के साथ घर पर था। पत्नी मीनू देवी अपने काम पर गई हुई थी। पीछे से घर पर सुभाष ने साड़ी का फंदा लगा लिया। दोपहर करीब 2:30 बजे पत्नी घर लौटी तो गेट अंदर से बंद था। खटखटाने के बाद भी नहीं खोलने पर धक्का देकर गेट खोला। कमरे में पति सुभाष फंदे से लटका मिला। धीरे-धीरे सांस चलते देखकर पत्नी मीनू ने फंदे से उसे नीचे उतारा। टैक्सी में बैठाकर गंभीर हालत में शुभाष को हॉस्पिटल ले गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर नाहरगढ़ थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतक की पत्नी मीनू ने ताराचन्द खटीक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। मीनू ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ महीनों से पति बहुत परेशान रहते थे। निगम की तनखाह भी नहीं लाते थे। बड़ी मुश्किल से मेरा घर चल रहा था। मैंने उनसे बहुत जोर लगाकर पूछा तो उन्होंने मुझे झोटवाड़ा निवासी ताराचन्द खटीक के बारे मे बताया था। मीनू ने बताया कि करीब 2 साल पहले रुपए उधार लिए हुए थे। वह हेरिटेज में था या ग्रेटर में मुझे नहीं पता, लेकिन नगर निगम में सफाई कर्मचारी थे।

मीनू ने पुलिस को बताया कि पति ने कहा था- मेरे बैंक की चैक बुक, पासबुक सब ताराचन्द खटीक ने रख लिए हैं। ताराचंद ने लोन के नाम पर 2 लाख रुपए अलग-अलग खातों में डाल दिए। उधार की रकम 40 प्रतिशत ब्याज के नाम पर हर महीने 40 हजार का ब्याज लगा देता था। पति का तनख्वाह आते ही खाते से रकम निकाल लेता था। कॉल पर लगातार धमकाने के साथ ही ब्याज से उधार रकम बढ़ाते-बढ़ाते 9 लाख कर दी। कर्ज में डूबने से पति घबराए हुए रहते थे।

मीनू ने पुलिस को बताया कि पति सुभाष नींद से भी जाग कर यह कहते थे कि ताराचन्द खटीक मुझे व मेरे बच्चों को बेघर कर देगा। वो मेरा घर नीलाम करवा देगा। मेरा सारा पैसा वह ब्याज के नाम पर हड़प गया है। मेरे पति ज्यादातर मोबाइल बंद रखते थे। पूछने पर बताते थे कि ताराचन्द खटीक लगातार फोन कर धमकाता है। पैसे मांगता है, मैं कहा से दूं। मेरा सारी तनख्वाह भी ले लेता है।

सुभाष की पत्नी ने बताया कि ज्यादातर मेरे पति घर मे कमरे में बंद रहते थे। डरे-डरे रहते थे। देर रात घर आते थे। इससे मेरे परिवार को भूखे-मरने की नौबत आ गई। मेरे पति ने ताराचन्द खटीक के कर्जे व ब्याज 40 प्रतिशत व पेनल्टी की वजह से व उसके धमकाने की वजह से ना चाहते हुए भी उन्होंने अपने आपको व परिवार को बचाने के लिए आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी ने सूदखोरी से परेशान होकर पति के सुसाइड करने का शिकायत दी है। शिकायत पर आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज किया है। कल रिपोर्ट दर्ज कर ली है, आगे मामले की जांच की जाएगी।

## चलती कार में जहर खिलाकर युवती की हत्या?

**जयपुर** (कासं)। खोह नागोरियान इलाके में जहर देकर एक युवती की हत्या करने का मामला सामने आया है। परिचित के साथ गांव जाते समय कार में उसे सेलफॉस दिया गया था। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई की शिकायत पर शनिवार शाम हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सेलफॉस के सेवन से मौत होना सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि मृतका सुनिता (23) पुत्री रामखिलाड़ी मीना मूलतः महवा दौसा की रहने वाली थी। पिछले काफी समय से वह इंदिरा गांधी नगर खोह नागोरियान में रह रही थी। परिचित मोहर सिंह मीना निवासी सहराकर करौली भी यहां ही रहता था। परिचित होने के कारण दोनों में अच्छे संपर्क थे। गत 14 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे परिचित मोहर सिंह और सुनिता कार से गांव जाने के लिए निकले थे। आरोप है कि परिचित मोहर सिंह मीना ने रास्ते में सुनिता को कोई नशीला पदार्थ खिला दिया। चलती कार में जहर खिलाने से सुनिता की तबीयत खराब हो गई। मोहर सिंह ने तबीयत खराब होने पर सुनिता को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर पहुंची खोह नागोरियान थाना पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से शव को पोस्टमार्टम करवाया। मृतका के भाई रवि मीना ने परिचित मोहर सिंह के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

# रूण्डल के जमदग्नि ऋषि आश्रम में 108 कुंडीय महायज्ञ आज से

## 23 अप्रैल तक चलने वाले इस यज्ञ में 16 किलो घी व 30 क्विंटल सामग्री की 21 लाख आहुतियां दी जाएंगी



आमेर के ग्राम रूण्डल स्थित श्री जमदग्नि ऋषि आश्रम में 108 कुंडीय महायज्ञ के लिए तैयार मंडप।

- अयोध्या से आए संत गणेश दास महाराज 'नानी बाई का मायरा' कथा करेंगे, जो 18 से 22 अप्रैल तक चलेगी

**जयपुर** (कासं)। आमेर के ग्राम रूण्डल स्थित श्री जमदग्नि ऋषि परशुराम रेणुका तीर्थ आश्रम में विश्व शांति के लिए 108 कुण्डीय महायज्ञ 17 से 23 अप्रैल तक आयोजित होगा। 7 दिनों तक चलने वाले इस महायज्ञ में महंत रविदास महाराज, आचार्य महामण्डेश्वर बालमुकुंदाचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में 21 लाख आहुतियां दी जाएगी।

देशभर के नामचीन महंत और ऋषि भी इस पवित्र कार्य में मौजूद रहेंगे। इस महायज्ञ के लिए महंत गणेश दास महाराज अयोध्या से पधारे हैं, यज्ञ के दौरान उनकी संगीत मय वाणी से कथा रस का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा ,भजन गायन ,कथा,बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता और विभिन्न तरह के आयोजन होंगे। अयोध्या से आए संत नानी बाई का मायरा कथा करेंगे जो 18 से 22 अप्रैल तक चलेगी, 23 अप्रैल को यज्ञ में पूर्णाहुति दी जाएगी साथ ही विशाल भंडारा भी होगा। यज्ञ में 16 किलो घी, 30 क्विंटल सामग्री की आहुतियां दी जाएंगी। साथ ही 28 लाख महालक्ष्मी मंत्रों का जाप भी होगा।

महंत रविदास महाराज ने बताया कि जमदग्नि ऋषि आश्रम, पदम पुराण और विष्णु पुराण के आधार पर यह आश्रम सतयुग से स्थापित है। यह भगवान परशुराम व माता कामधेनु की तपोस्थली है। विश्व कल्याण, और विश्व शांति के लिए इस पवित्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम में देशभर के संत महात्मा इस यज्ञ में उपस्थित होंगे। महायज्ञ के आयोजन के लिए विप्र सेना सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी और उनकी टीम, ग्राम वासियों और भक्तजनों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने सभी को यज्ञ में आकर यज्ञ में योगदान देने और साधू संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने का निमंत्रण दिया।

ज्ञात रहे कि आश्रम के महंत रविदास महाराज विश्व योग गुरु हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में जापान, मॉरिशस और विभिन्न देशों में लोगों को योग के प्रति जागरूक किया है। आज विश्व के लगभग एक दर्जन से अधिक देशों में इनके शिष्य है, जो वहां पर वेद और पतंजलि योग की साधना विदेशी धरती पर सिखाने के साथ धर्म सनातन धर्म प्रचार में लगे हैं।

## संक्षिप्त

### पुलिस स्थापना दिवस मनाया

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में पुलिस का इकबाल बुलंद है। इसी से ही राजस्थान देश में शांति व सुरक्षित प्रदेश माना जाता है। लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप पुलिस ने अपना दायित्व निष्पक्षता और संवेदनशीलता से बखूबी निभाया है। बेहतर जांच और सतर्कता से अपराधियों को सजा और पीड़ितों को न्याय मिला है। गहलोत रविवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर परेड के निरीक्षण के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों एवं अधिकारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी। साथ ही, कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए पुलिस कर्मियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन के लक्ष्य को देखते हुए आमजन के सम्मान की सुरक्षा करें।

### 111 लोगों ने किया रक्तदान

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह के तहत रविवार को प्रातः राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित चिकित्सालय में 111 पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा एवं डीजीपी व आरपीए निदेशक राजीव शर्मा ने रक्तदाताओं से मिलकर उनकी हौंसला अफजाई की। आरपीए की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सीमा चौधरी ने बताया कि कुल 111 पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि महानिदेशक मिश्रा के निर्देशानुसार इस रक्त का उपयोग कैन्सर व थैलेसीमिया के रोगियों के उपचार के लिए किया जा सकेगा।

### महिला की संदिग्ध मौत से हड़कंप मचा

**जयपुर**। खोह नागोरियान इलाके में एक महिला की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया गांव सांथा जिला दौसा निवासी सुनीता मीणा (40) पिछले 6-7 साल से मोहर सिंह के साथ लिव इन में इलाके में रह रही थी। मृतका के भाई रवि का आरोप है कि 14 अप्रैल को मोहर सिंह ने सुनीता को नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे उसकी तबियत बिगड़ी और सवाई मान सिंह अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, चिकित्सकों के अनुसार सुनीता की मौत विषाक्त खाने से हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू की है।

### हुक्का बार पर पुलिस का छापा

**जयपुर**। जवाहर सर्किल इलाके में जीटी मॉल स्थित हब-40 बार में चल रहे हुक्का बार पर पुलिस ने छापा मार मैनेजर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि जीटी मॉल स्थित हब-40 बार पर दबिश दी गई, जहां पर हुक्का पी रहे युवक-युवतियों का चालान कर मैनेजर रामराज बैरवा को गिरफ्तार किया।

## मंत्रालयिक कर्मचारियों की सीएम से वार्ता

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ (राज्य मंत्री) की मध्यस्थता में रविवार को मंत्रालयिक एकता मंच की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता संपन्न हुई। वार्ता में द्वितीय पदोन्नित पद सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 एवं तद्नुरूप ऊपर के सभी पदों की ग्रेड पे संशोधित करते हुए उपनिदेशक प्रशासन का एक नवीन पद सृजित करने, पदोन्नित के पदों की संख्या में वृद्धि करने, कनिष्ठ सहायक का आरंभिक वेतन 25500 करने तथा वरिष्ठ सहायक के काटे गए पदों को बहाल करते हुए 6 सूत्री मांग पत्र पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने औपचारिक वार्ता हेतु अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा से ओपचारिक वार्ता करवाने के लिए मुख्यमंत्री की सचिव आरती डोगरा को निर्देश प्रदान किए। मंत्रालयिक एकता मंच के शिष्टमंडल में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, महेंद्र सिंह धायल, सुरेश धाभाई, देवेंद्र सिंह नरूका, मनोज सक्सेना, छोटे लाल मीणा, महेंद्र शर्मा मौजूद थे।

# 'वस्तुओं के निर्यात के लिए जयपुर में बनेगा कंटेनर डिपो'



राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउण्ड्री में चल रही सात दिवसीय नेशनल सिम्पोजियम के समापन सत्र को संबोधित किया।

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश में निर्मित वस्तुएं बेहद उच्च क्वालिटी की हैं, मगर निर्माताओं को इसके निर्यात की समुचित जानकारी नहीं होने के कारण वे इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इसके लिए अब राजस्थान सरकार अपनी औद्योगिक विकास नीति के माध्यम से निर्यातकों को अधिकाधिक लाभावित करने की दिशा में प्रयासरत है। यह बात राजस्थान लघु उद्योग विकास निगम व राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन कांउसिल के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउण्ड्री में चल रही सात दिवसीय नेशनल सिम्पोजियम के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही।


राजीव अरोड़ा ने कहा कि राजस्थान की औद्योगिक विकास नीति देश की सबसे अच्छी पॉलिसी है। इसके तहत प्रदेश से वस्तुओं के निर्यात के आंकड़े बढ़ रहे हैं। वर्तमान में राजस्थान के एक लाख 35 हजार निर्यातक हैं।

खास बात ये है कि पिछले एक साल में 10 हजार नए निर्यातक जुड़े हैं। अरोड़ा ने कहा कि अन्य राज्यों के व्यापारी राजस्थान से वस्तुओं का निर्यातकर मोटा मुनाफा कमा रहे है, यह मुनाफा यहां के उद्योगपतियों को मिले इसके लिए वस्तुओं के स्टोरेज के लिए जयपुर में कंटेनर डिपो बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर अपनी स्थापत्थ्य कला के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है, यही कारण है कि मेटल से निर्मित होने वाली कलाकृतियों के बारे में नवोदित कलाकारों को मॉटिवेट करने के लिए देशभर के आर्टिस्ट यहां एकत्रित हुए हैं। इस दौरान वीकेआई इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सोमानी ने वीकेआई रोड नं.-18 के आकेड़ा डूंगर इलाके की समस्याओं के सबंध में अवगत कराया, जिस पर राजीव अरोड़ा ने आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों से उनका प्राथमिकता पर निस्तारण करवाया जाएगा। उद्योग विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर पीआर शर्मा, पद्मश्री राजेंद्र टिक्कु व कार्यक्रम संयोजक राजकुमार पंडित ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन ऋषिराज सक्सेना ने किया।

## सूने मकान से जेवर-नकदी चोरी

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना इलाके में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाया है। लाखों रुपए के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मुरलीपुरा में जिस समय चोरी हुई उस समय घर का मुखिया पत्नी को मायके छोड़ने के बाद अपने दोस्त के यहां रुका हुआ था। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मुरलीपुरा निवासी मुकेश कुमार सैनी ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि वह रामशेव्र धाम केडिया पैलेस वाली गली मुरलीपुरा में तीन साल से रह रहा है। गत 13 अप्रेल को वह पत्नी को मायके छोड़कर अपने दोस्त के पास चित्रकूट वैशाली नगर चला गया। रात को लेट होने की वजह से वह दोस्त के पास रुक गया। सुबह पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी का ताला तोड़कर एक सोने का हार, डायमण्ड पेडल सेट, दो सोने की चेन, पायजेब, 2 जोड़ी कड़े, 6 जोड़ी चांदी की बिछुड़ी उडा ले गए।

# 'मीत ब्रदर्स' के गानों पर झूमे जयपुरवासी



एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए राजस्थान आवासन मंडल की ओर से आयोजित म्यूजिकल कंसर्ट में हजारों लोग उमड़े।

**जयपुर** (कासं)। रविवार की शाम प्रतापनगर की एनआरआई कॉलोनी में मौजूद तमाम बाशिंदों के लिए झूमकर थिरकने की रही। बॉलीवुड के मशहूर सिंगर मीत ब्रदर्स की जोड़ी और खुशबू ग्रेवाल के हाई पिच सॉन्ग्स की बीट पर दर्शक जमकर झूमे और कंसर्ट को फुल एंजॉय किया।

जयपुर के मशहूर एनआरआई क्लब-21 के आवेदकों के लिए राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आयोजित इस म्यूजिकल कंसर्ट में क्लब के सदस्य और मेहमानों ने परिवार सहित शिरकत की और गाला डिनर के साथ कलाकारों से फरमाइश पर गाने भी सुने। इससे पहले मंडल क्लब के सदस्यों के मनोरंजन के लिए एनआरआई क्लब और राजस्थान पोलो क्लब के बीच दिलचस्प पोलो मैच भी करवा चुका है। आवासन आयुक्त और एनआरआई क्लब-21 के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने कहा कि आने वाले समय में क्लब में लगातार ऐसे एंटरटेनिंग कार्यक्रम होते रहेंगे। उन्होंने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय मापदंडों के आधार पर विकसित होने वाले क्लब हाउस में 25 कमरे बनाए जाएंगे, जहां स्पॉर्टस सुविधाओं के साथ फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल, ओपन गार्डन, ऑल वेदर स्विमिंग पूल और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी। अरोड़ा ने बताया कि जयपुर की प्रतिष्ठित एनआरआई कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एनआरआई क्लब-21 के प्रति लोगों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। मंडल को अब तक मेंबरशिप के पेटे 25 करोड़ से ज्यादा रुपए प्राप्त भी हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति एसोसिएट मेंबर के लिए 4 लाख और कॉरपोरेट मेंबर के लिए 6 लाख रुपए देकर मेंबरशिप के लिए आवेदन कर सकता है।

## बिजली के तार चुराकर बेचने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने आज एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी गए बिजली के तीन लाख रुपए के तार बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी शिवराज चौधरी पुत्र जगदीश जाती जाट उम्र 27 साल निवासी गाव झरणा थाना मौजमाबाद जिला जयपुर का रहने वाला हैं।

डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद यादव ने बताया कि 13 जनवरी को सुनील सोकिया निवासी 31 शिव कोलोनी अर्चना हॉस्पिटल के पीछे थाना सांगानेर जिला जयपुर ने रिपोर्ट दी थी कि मेरे निवास 31 शिव कॉलोनी अर्चना हॉस्पटल के पीछे है। मेरे मकान के नीचे बिजली के तारों का गोदाम है। मैंने मेरे गोदाम को 13 अप्रैल को चैक किया तो मेरे गोदाम में से 0.75 एमएम का 1 कार्टन (20 बण्डल) 2.5 एमएम के तीन से चार बंडल व 40 / 76 की , 10 एल्यूमिनियम की बंडल इसके अलावा और भी माल चोरी हुआ है। जिस पर पुलिस टीमों को काम पर लगाया गया। जिस पर पुलिस को जानकारी मिली की शिवराज चौधरी नाम का एक व्यक्ति हैं जो चोरी का माल बेचता सस्ते दामों पर बेचता हैं। इस पुलिस उस तक पहुंची और उससे पूछताछ शुरू की। आरोपी से हुई पूछताछ में पुलिस को बिजली के तारों के 125 बंडल मिले। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सांगानेर ईलाके में रहकर मजदूरी करता है। करीब 6 माह पहले उसने सांगानेर के शिव कालोनी में बिजली के तारों का गोदाम देखा था। जिसमे महंगे बिजली के तार थे जिनको चोरी की योजना से रैकी की 12 अप्रैल की रात को माल चोरी किया। जिनको बैचने के लिए बोराज रोड के जंगल में छिपा दिया था। तारों को बेचने से पहले ही आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं।

# डेयरी बूथ को लूटने आए बदमाशों को भीड़ ने पीटा

- तीन बदमाशों को लोगों ने पकड़ा, चार बदमाश फरार हुए

**जयपुर** (कासं)। करधनी थाना इलाके में डेयरी बूथ लूटने आए बदमाशों को भीड़ ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाशों ने पहले डेयरी पर बैठे युवक पर चाकू, लाठी डंडों से हमला बोल दिया। मारपीट कर आरोपी 32 हजार रुपए लूट कर भागने लगे। डेयरी बूथ पर बैठे युवक के चिल्लाने पर भीड़ ने तीन लोगों को दबोच लिया, जबकि चार लोग भागने में सफल हो गए। पुलिस ने पकड़े हुए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। करधनी थाना पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मंगलम सिटी कालवाड निवासी राजेन्द्र कुमार ने थाने में मामला दर्ज करवाया। जिसमें बताया कि 14 अप्रेल को रात 10 बजे 7 बदमाश डेयरी बूथ पर आए। बदमाशों ने शराब पी रखी थी और उनके हाथ में लाठी डंडा और चाकू थे। आते ही उन्होंने राजेन्द्र के साथ मारपीट शुरू करक दी। लाठी डंडों से और चाकू से हमला कर डेयरी बूथ पर रखे 32 हजार रुपए लूट लिए। मारपीट कर वह पैसे लेकर भाग रहे थे, तभी राजेन्द्र के चिल्लाने पर सर्किल के पास खड़े लोगों ने तीन लोगों को दबोच लिया, जबकि चार भागने में सफल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस इस मामले में फरार चल रहे बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

# आई.पी.एल. मैच पर सट्टा लगवा रहा बदमाश पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया थाना पुलिस ने रविवार को आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टे की खाईवाली करते एक युवक को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी युवक के पास से पुलिस ने 18 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, लाखों रुप की हिसाब की डायरी बरामद की हैं।

डीसीपी ईस्ट ज्ञानचंद अग्रवाल ने बताया कि आईपीएल क्रिकेट मैच के चलते होने वाले सट्टे की खाईवाली पर निगरानी रख सट्टा करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सभी सीआई को आदेश जारी किए थे।आज राम नगरिया थाने की स्पेशल टीम को जानकारी मिली की बालाजी टॉवर-09, फ्लेट नम्बर ए-901, जगतपुरा में कुछ लोग आईपीएल टी-20 क्रिकेट मैच के सट्टे की खाईवाली कर रहे हैं। जिनको तुरन्त चैक किया जाये तो सट्टा उपकरणों के साथ-साथ कई बदमाश भी पकडे जा सकते हैं। इस पर थाना पुलिस और गश्त कर रही टीम के एसआई संग्रामसिंह को जानकारी दी गई। जिस पर थाना रामनगरिया की टीम ने कार्रवाई करते हुए क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टे की खाईवाली कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार यश धनवानी पुत्र दिलीप धनवानी जाति सिंधी उम्र 20 साल निवासी-01/339, हाउसिंग बोर्ड, पुलिस थाना कोतवाली, जिला सवाईमाधोपुर हाल- फ्लेट नम्बर डी-102, बालाजी टॉवर-09, जीवनरेखा अस्पताल के पास रहता हैं। मौके पर अन्य कोई व्यक्ति नहीं मिला जिस पर पुलिस टीम ने यश को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### 'परशुराम जयन्ती धूमधाम से मनाएंगे'



**जयपुर**। राज्य में परशुराम जयन्ती पर जिला मुख्यालयों के साथ ही तहसील स्तर पर भी ब्राहमण समाज राजस्थान की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्य कार्यक्रम जयपुर में सीकर रोड स्थित माचरा गौडों की ढाणी स्थित मुख्यालय पर होगा। इसका निर्णय रविवार को ब्राहमण समाज राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने की। बैठक में परशुराम जयन्ती को लेकर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया और राज्यभर में धूमधाम से परशुराम जयन्ती कार्यक्रम करने का निर्णय किया गया। प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने बताया कि तहसील और जिला स्तर पर इस मौके पर समाज के अन्य संगठनों के सहयोग से प्रतिभा सम्मान समारोह, अभिनंदन समारोह, प्रभात फेरी तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलो को निर्देशित किया गया है। वहीं 22 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती महोत्सव ब्राह्मण समाज राजस्थान के मुख्यालय माचरा सीकर रोड पर प्रातः 7 बजे शुरू होगा। समारोह में वेद मंत्रों के द्वारा भगवान परशुराम का पूजन किया जाएगा। पूजन के उपरांत भगवान परशुराम चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं को परशुराम जयंती से पशु पक्षियों के लिए परिंडा अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में दामोदर प्रसाद शर्मा शशिकांत शर्मा जमुना लाल शर्मा डॉक्टर शारदा शर्मा एडवोकेट सुषमा पारीक गोवर्धन लाल शर्मा जेपी शर्मा मनमोहन मिश्रा शनत कुमार गौतम सचिन शर्मा अनीश शर्मा निरंजन शर्मा नरेंद्र मिश्रा नंदकिशोर शर्मा अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उपन्यास के लिए रमेश खत्री का सम्मान



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के रचनाकार रमेश खत्री को उनके उपन्यास "ये रास्ता कहीं नहीं जाता" के लिए वर्ष 2022 का 'अखिल भारतीय पृथ्वीनाथ भान पुरस्कार' स्पंदन साहित्यिक सस्थान द्वारा प्रदान किया गया। जयपुर में आयोजित भव्य समारोह में सस्थान की अध्यक्ष नीलिमा टिक्कू, बुकर पुरस्कार प्राप्त गीतांजलि श्री, वरिष्ठ रचनाकार नन्द भारद्वाज, फारुख अफरीदी, नरेंद्र शर्मा कुसुम, डॉ. सुदेश बत्रा और डॉ. पवन सुराणा ने उन्हें यह अवार्ड भेंट किया।

### पार्षद दुलारिया ने बनवाई सड़क



**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा क्षेत्र के वार्ड 31 में पार्षद लादूराम दुलारिया ने गुलाबबाड़ी कॉलोनी में डामरीकरण का कार्य करवाया है। उन्होंने बताया कि 25 लाख रुपये का प्रोजेक्ट था, लेकिन जनता से किए वादे को निभाने हुए यह सड़क निर्माण का कार्य करवाया है। सड़क के डामरीकरण से लोगों की राह सुगम होगी। कॉलोनी के लोगों प्रदीप कूलवाल, महेश जाखोटिया, राम लाल बाहेती, सुगन लाल, विक्रम सोमानी, मुस्ताक खान, मनोज डंगायच, सत्यनारायण असावा, मनोज तिवारी, राजेश शर्मा और निस्तिश कुमार ने पार्षद दुलारिया का स्वागत किया।